Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 12-05-2005

Participants : Manjhi Shri Rajesh Kumar

an>

Title: Need to formulate a master plan for Gaya, with a view to improving the drainage system in the city.– Laid.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : महोदय, हमारा संसदीय क्षेत्र गया एक अंतर्राट्रीय महत्व का पर्यटक स्थल एवं हिंदुओं एवं बौद्धों का पवित्र तीर्थस्थल है। इससे थोड़ी ही दूर पर अंतर्राट्रीय महत्व के पर्यटक स्थल एवं राजगीर एवं नालन्दा है जहां पर पर्यटकों को गया से ही गुजरकर जाना पड़ता है। गया शहर, गया जिला एवं मगध प्रमंडल का हैडक्वार्टर है तथा अगल बगल के कइ जिलों जैसे औरंगाबाद, नवादा, नालन्दा, जहानाबाद, अरवल, नालन्दा, चतरा, कोडरमा (झारखंड) इत्यादि जिलों का मुख्य व्यापारिक केन्द्र भी गया है। गया से होकर ही देश की दो अति महत्वपूर्ण ग्रेंड कॉड रेलवे लाइन तथा जी0टी0 रोड-2, (पी0एम0 क्वाडिलेटरल स्कीम) गुजरती है। यह झारखंड राज्य से भी सटा हुआ है तथा वहां पर जाने के लिए गया से ही होकर गुजरना पड़ता है।

इतना सब होते हुए भी गया शहर का पूरा सीवेज सिस्टम बेकार पड़ा हुआ है। इसका मास्टर प्लान बनाकर उस पर एक निश्चित समय अवधि के अंदर कार्यान्वयन की जरूरत है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूं कि गया शहर का मास्टर प्लान बनवाने और उसे एक निश्चित समयावधि के अंदर कार्यान्वित करावें।